बुधवार
22 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक





अपराधी बेखौफः ग्राहक सेवा केंद्र पॉइंट पर सीएसपी संचालक से लूट 3

## बिहार बोर्ड 12वीं का रिजल्टः आर्ट्स में 82.74, साइंस में 83.93, कॉमर्स में 93.35 फीसदी स्टूडेंट्स पास

# इंटर परीक्षा... तीनों स्ट्रीम में बेटियां बनीं टॉपर

- इस साल 13 लाख 18 हजार छात्रों ने दी थी इंटर परीक्षा, इसमें 6 लाख 81 हजार 975 छात्राएं और 6 लाख 36 हजार छात्र हुए थे शामिल
- इनमें 10 लाख 91 हजार 941 छात्र-छात्राएं पास हुए
- पिछली बार से इस बार का परीक्षा परिणाम 3.55% ज्यादा है

● साइंस में आयुषी नंदन ने 94.8 % अंक, आर्ट्स में मोहद्देसा ने 95 % अंक और कॉमर्स में सौम्या व जगदीश पाठक ने 95 % अंकों के साथ किया टॉप

● तीनों संकायों में प्रथम स्थान आने वालों को एक लाख रुपए, एक लैपटॉप देकर वहीं द्वितीय-तृतीय स्थान लानेवाले स्टूडेंट्स को किया जाएगा पुरस्कृत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार बोर्ड 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। 12वीं का रिजल्ट शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चन्द्रशेखर ने जारी किया। आर्ट्स में 82.74 फीसदी, साइंस स्ट्रीम में 83.93 छात्र, कॉमर्स में 93.35 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। बिहार बोर्ड 12वीं साइंस, आर्ट्स, कॉमर्स तीनों स्ट्रीम में लड़कियों ने टॉप किया है। कॉमर्स में छात्र और छात्रा संयुक्त रूप से टॉपर रहे हैं साइंस स्ट्रीम में कुल 8 टॉपर में चार छात्राएं रहीं। वहीं आर्ट्स में 8 टॉपर में 5 छात्राएं रहीं। और कॉमर्स में टॉप 13 में 11 छात्राएं रहीं। विज्ञान में आयुषी नंदन ने टॉप किया, आर्ट्स में पूर्णिया की मोहद्देशा टॉपर बनी हैं और कॉमर्स में सौम्या और रजनीश टॉपर बने हैं। बिहार बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि इस बार भी परीक्षा पूरी तरह कदाचार रहित रही। कुछ ऐसे सॉफ्टवेयर इस्तेमाल किए गए थे जिनकी मदद से बिहार बोर्ड ने एक बार फिर से देश भर में सबसे पहले रिजल्ट जारी किया।

**सबसे अधिक टॉपर औरंगाबाद जिले केः** इस बार सबसे अधिक टॉपर औरंगाबाद जिले ने दिए हैं। वहीं पटना से कॉमर्स में 2 छात्राएं टॉप 5 में शामिल हुईं। बिहार बोर्ड इंटर 2023 का रिजल्ट पिछले साल की तुलना में बेहतर है। इस बार बिहार के नेतरहाट कहे जाने वाले सिमुलतला आवासीय विद्यालय का रिजल्ट पिछले साल से बेहतर आया है। इस साल 13 लाख 18 हजार छात्रों ने इंटर परीक्षा दी थी। इसमें 6 लाख 81 हजार 975 छात्राएं और 6 लाख 36 हजार छात्र शामिल थे। एक फरवरी से 11 फरवरी तक यह परीक्षा ली गई थी। इनमें 10 लाख 91 हजार 941 छात्र-छात्राएं पास हुए। पिछली बार से इस बार का परीक्षा परिणाम 3.55% ज्यादा है। इस पर प्रथम श्रेणी में 5 लाख 13 हजार 222, द्वितीय श्रेणी में 4 लाख 87 हजार 223 और तृतीय श्रेणी में 91 हजार 503 छात्र-छात्राएं पास हुए।

शिक्षा मंत्री ने प्रो. चंद्रशेखर ने सभी छात्रों और उनके माता पिता को बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। बिहार बोर्ड के रिजल्ट को लेकर सुबह तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। हालांकि यह तय माना जा रहा था कि आज घोषणा की जा सकती है। नोटिस जारी हो सकता है। ठीक वैसा ही हुआ। बिहार बोर्ड की ओर से 11 बजे के बाद यह बताया गया कि आज ही यानी मंगलवार को ही इंटर का रिजल्ट जारी किया जाएगा।


औरंगाबाद जिले की रहने वाली सौम्या शर्मा को मिठाई खिलातीं मां अनिता देवी।

### टॉपर्स को मिलेगा पुरस्कार

बिहार बोर्ड 12वीं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उनकी पोजीशन के मुताबिक इनाम दिया जाएगा। पहले 6 पायदान पर कब्जा जमाने वाले सभी कैंडिड्टेस को पुरस्कार मिलेगा। पहले स्थान पर आने वाले सभी स्टूडेंट्स को एक-एक लाख रुपये, एक किंडल सब्क्राइब और एक लैपटॉप दिया जाएगा। वहीं दूसरे स्थान पर आने वाले कैंडिडेट्स को 75 हजार रुपये, एक लैपटॉप और किंडल सब्क्राइब मिलेगा। तीसरे स्थान पर आने वाले स्टूडेंट को 50 हजार रुपये, लैपटॉप और किंडल सब्सक्राइब दिया जाएगा। वहीं चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर आने वाले छात्रों को 15 हजार रुपये और एक लैपटॉप मिलेगा। बिहार सरकार ने इसकी घोषणा की है।

### आईएएस ऑफिसर बनना चाहती हैं मोहद्देसा

पूर्णिया के सुदूर ग्रामीण इलाके अमौर प्रखंड के डहुवाबारी पंचायत के नहराकोल गांव की छात्रा मोहद्देसा इंटर की परीक्षा में पूरे सूबे में टॉप की है। मोहद्देसा मॉडल उच्च विद्यालय बायसी की छात्रा है। मोहद्देसा की इस सफलता से ना सिर्फ उनके परिजन बल्कि इस स्कूल में और आसपास के इलाके में काफी खुशी है। महोद्देसा के अलावे उच्च विद्यालय कुंवारी की छात्रा प्रज्ञा कुमारी भी बिहार में दूसरे स्थान पर आई है। महोद्देसा ने कहा कि उनका सपना है कि वह आगे बढ़कर आईएएस ऑफिसर बने। इसके लिए वह लगातार पढ़ाई करती है। सेल्फ स्टडी पर काफी ध्यान देती है। अपनी सफलता के पीछे वह अपने माता पिता और शिक्षकों को श्रेय देती है।

### औरंगाबाद के शुभम के पिताजी चलाते हैं टेम्पो

औरंगाबाद के दाउदनगर के दुर्गा पथ निवासी टेम्पो ड्राईवर संतोष चौरसियां के बेटे शुभम चौरसिया ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति(बीएसइबी) की इंटर विज्ञान परीक्षा-2023 में राज्यभर में दूसरा स्थान लाकर अपने शहर और जिले को गौरवान्वित किया है। शुभम 2021 में मैट्रिक की परीक्षा में भी राज्यभर में आठवें स्थान पर रहा था। इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा में शुभम को 472 यानी 94 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। शुभम दाउदनगर के अशोक इंटर स्कूल का विद्यार्थी है। शुभम के पिता संतोष चौरसिया टेम्पो ड्राईवर है। वे ऑटो चला कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं।

### साइंस स्ट्रीम में टॉप 5

आयुषी नंदन- खगड़िया- (474 अंक) 94.8%
हिमांशु कुमार- नालंदा- (472 अंक) 94.4%
शुभम चौरसिया-औरंगाबाद- (472 अंक) 94.4%
अदिति कुमारी-सारण- (471 अंक) 94.2%
रामा भारती- अररिया- (471 अंक) 93.8%
पीयूष कुमार - बक्सर - (468 अंक) 93.6%
अभिषेक राज - नवादा - (468 अंक) 93.6%
तनु कुमारी - सारण - (468 अंक) 93.6%

### कॉमर्स स्ट्रीम में टॉप 5

सौम्या शर्मा- औरंगाबाद- (475 अंक) 95%
रजनीश पाठक-औरंगाबाद- (475 अंक) 95%
भूमि कुमारी- सीतामढ़ी-(474 अंक) 94.8%
तनुजा सिंह-औरंगाबाद-(474 अंक) 94.8%
कोमल कुमारी- गया- (474 अंक) 94.8%
पायल कुमारी- खगड़िया- (472 अंक) 94.4%
सृष्टि अक्षय- पटना - (472 अंक) 94.4%
विधि कुमारी - औरंगाबाद - (468 अंक) 93.6%
सोनम कुमारी- औरंगाबाद - (468 अंक) 93.6%
पूजा कुमारी - पटना- (467 अंक) 93.4%
नीलम कुमारी- मधुबनी- (467 अंक) 93.4%

### आर्ट्स स्ट्रीम में टॉप 5

मोहद्देसा - पूर्णिया- (475 अंक) 95%
कुमारी प्रज्ञा - पूर्णिया- (475 अंक) 94%
सौरभ कुमार- नालंदा- (469 अंक) 93.8%
लक्ष्मी कुमारी- बक्सर- (466 अंक) 93.2%
मो. शरीक- गोपालगंज- (465 अंक) 93%
चंदन कुमार - गया - (465 अंक) 93%

### वेरिफिकेशन के बाद रिजल्ट

रिजल्ट में पारदर्शिता के लिए टॉपर्स का वेरिफिकेशन किया गया था। इसमें करीब 400 वैसे टॉपर्स, जिनका अंक 90 प्रतिशत या उससे ज्यादा था। उन्हें कॉल करके बीएसईबी के कार्यालय बुलाया गया और सवाल पूछ वेरिफिकेशन किया गया।

# जदयू की राष्ट्रीय कार्यसमिति से केसी त्यागी का नाम गायब

**32 सदस्यीय नयी राष्ट्रीय कार्यसमिति की घोषणा**

**केटी न्यूज/पटना**

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने मंगलवार को 32 सदस्यीय नयी राष्ट्रीय कार्यसमिति की घोषणा मंगलवार को की। इसमें पार्टी उपाध्यक्ष समेत 22 महासचिव, 7 सचिव और कोषाध्यक्ष के नाम का ऐलान किया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पदाधिकारियों की नामवार सूची जारी की है. सबसे ज्यादा चौंकानेवाला नाम रहा केसी त्यागी का, जिनकी छुट्टी कर दी गई है। जो पार्टी के प्रधान महासचिव और राष्ट्रीय प्रवक्ता थे। उनका नाम इस लिस्ट में नहीं है। वहीं मौलाना गुलाम रसूल बलियावी को फिर से महासचिव बनाया गया है। मंगनी लाल मंडल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस नई कमेटी में जेडीयू के 22 नेताओं को महासचिव का पद दिया गया है। इसमें पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय प्रधान महासचिव के सी त्यागी को जगह नहीं मिली है। त्यागी को जेडीयू की राष्ट्रीय कमेटी से गायब कर दिया गया है। विवादित बयानों के लिए विवादों में रहने वाले मौलाना गुलाम रसूल बलियावी को एक बार फिर जेडीयू का राष्ट्रीय महासचिव बना दिया गया है।

**ये बनाए गए महासचिवः** रामनाथ ठाकुर,अली अशरफ फातमी, संजय झा, गिरधारी यादव, संतोष कुमार कुशवाहा, रामसेवक सिंह, चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, दसई चौधरी, गुलाम रसूल बलियावी , आरपी मंडल, विजय कुमार मांझी, भगवान सिंह कुशवाहा, कहकशां परवीन, राजकुमार शर्मा शामिल हैं।

**राजीव रंजन को दोबारा जिम्मेदारीः** सूची में शामिल विधायकों में पूर्व एमएलए राजीव रंजन को जनरल सेक्रेटरी के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। यूपी के धनंजय सिंह को महासचिव बनाया गया है। कमर आलम, हरीश चंद्र पाटिल, अशफाक अहमद, इंजीनियर सुनील, हर्षवर्धन और राज सिंह मान को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि सात नेताओं को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। सचिव की लिस्ट में रविंद्र प्रसाद सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय वर्मा, अनूप पटेल, दयानंद राय, संजय कुमार शामिल हैं, वहीं सांसद आलोक कुमार सुमन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।



### नीतीश के कुनबे के वफादार साथी रहे हैं केसी त्यागी

केसी त्यागी ने 1974 में राजनीतिक मैदान में उतरे और 1984 में पहली बार हापुड़-गाजियाबाद सीट से लोकसभा चुनाव लड़े। चार दशकों तक वे 1989 में अपना पहला संसदीय चुनाव जीतने वाले जनता दल के एक सक्रिय सदस्य रहे। जहां उन्होंने कांग्रेस के बुध प्रिया मौर्य को हराया। वे भाजपा के उम्मीदवार से आगामी चुनाव हार गए। अपने राजनीतिक कार्यकाल के दौरान, उन्होंने अपनी पार्टी के भीतर विभिन्न नेतृत्व पदों पर रहे और 2013 में राज्यसभा के सदस्य के रूप में चुने गए।

# बेतिया में दिनदहाड़े युवक की सिर में गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/बेतिया**

बेतिया में बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े एक बाइक सवार युवक के सिर में गोली मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद बदमाश आसानी से फरार हो गए। घटना सुबह करीब 10:30 बजे शहर के बुलाकी सिंह चौक के समीप की है। मृतक की पहचान सेहत दवाखाना के मालिक लिबर्टी सिनेमा चौक निवासी जमील अख्तर के पुत्र उमर अख्तर उर्फ बुलबुल (26 वर्ष) के तौर पर हुई है। गोली उसकी बाईं कनपटी पर मारी गई है। मौके पर ही बुलबुल की मौत हो गई। बुलबुल बाइक से नया बाजार की ओर से कालीबाग की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सड़क पर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए.इधर घटना की सूचना पर कालीबाग ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुरानी दुश्मनी में गोली मारने की आशंका जताई जा रही है।

# डॉक्टरों के भारी विरोध के बावजूद राजस्थान विधानसभा में पारित हुआ राइट टू हेल्थ बिल

**एजेंसी/जयपुर**

चिकित्सकों के तमाम भारी विरोध के बावजूद राजस्थान विधानसभा में राइट टू हेल्थ बिल मंगलवार को पारित हो गया है। बिल को लेकर आंदोलन कर रहे चिकित्सकों का कहना है कि उनका संघर्ष जारी रहेगा। आगे से किसी भी सरकारी योजनाओं को निजी अस्पतालों में लागू नहीं किया जाएगा। अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे चिकित्सकों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को राज्यपाल से भी मिला और उनको ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को भी डॉक्टर्स की पुलिस से झड़प हो गई। प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कपूर का कहना है कि बिल पारित हो चुका है। अब गजट नोटिफिकेशन के लिए राज्यपाल के पास जाएगा। हमारे एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को गवर्नर कलराज मिश्र से मुलाकात की है और राइट टू हेल्थ बिल को लागू नहीं करने की मांग रखी है। राज्यपाल ने हमें आश्वासन दिया है कि उनकी कोशिश होगी कि बिल को लागू नहीं किया जाए।

### क्या है राइट टू हेल्थ बिल

नया कानून आने के बाद निजी अस्पताल बिना किसी पेमेंट के इलाज के लिए बाध्य हो जाएंगे। इसी कारण निजी अस्पतालों के डॉक्टर इस बिल के विरोध में उतर आए हैं। डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ वार्ता की और इस बिल में बदलाव करने के सुझाव दिए। फिलहाल डॉक्टरों द्वारा बताए गए सुझावों पर अमल नहीं हुआ है।






**राज्य भर के 70,000 से अधिक सरकारी और निजी स्कूलों में निकाली जाएगी प्रभात फेरी**


# बिहार दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आगाज आज से

- जावेद अली, मैथिली ठाकुर समेत जाने माने सिंगर गांधी मैदान में देंगे प्रस्तुति
- कथक नृत्यांगना प्राची पल्लवी व लोक गायिका नीतू कुमारी भी करेंगी परफॉर्म

**केटी न्यूज/पटना**

22 मार्च को बिहार दिवस मनाया जाता है। हर साल की तरह इस बार भी नीतीश कुमार सरकार ने बिहार दिवस के लिए खास प्लान किया है। पूरे राज्य में तीन दिनों तक इसे मनाया जाएगा। जिसका आगाज बुधवार को होगा और तीन दिनों के इस मौके पर खास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में शैक्षिक कार्यशालाएं, फिल्म स्क्रीनिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पर्यटन स्थलों का दौरा शामिल होगा। बिहार दिवस को लेकर सरकार ने क्या कुछ प्लान किया है इसकी जानकारी एडिशनल चीफ सेकेट्री (एजुकेशन) दीपक कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि समारोह को हर जगह से लोगों के लिए सुलभ बनाने के लिए इसे अलग-अलग जगहों पर आयोजित करने का फैसला लिया गया है। ऐसा इसलिए भी किया गया जिससे एक जगह पर भीड़भाड़ नहीं हो और हर कार्यक्रम में लोगों की उपस्थिति भी ठीक से हो सके।

दीपक सिंह ने कहा कि पिछले कुछ साल से अलग इस बार बिहार दिवस समारोह का आयोजन पटना के अलावा दूसरे जिलों में भी किए जाएंगे। राज्य भर के 70,000 से अधिक सरकारी और निजी स्कूलों में 'प्रभात फेरी' का आयोजन किया जाएगा। जावेद अली और मैथिली ठाकुर समेत जाने-माने सिंगर गांधी मैदान में प्रस्तुति देंगे। वहीं कथक नृत्यांगना प्राची पल्लवी साहू और लोक गायिका नीतू कुमारी नूतन एसके मेमोरियल हॉल में परफॉर्म करेंगी।




### युवा शक्ति बिहार की प्रगति है थीम

बिहार दिवस समारोह के लिए गांधी मैदान का ले आउट प्लान, यातायात प्रबंधन, विधि-व्यवस्था संधारण और अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। इस साल का कार्यक्रम त्रि-दिवसीय (22-24 मार्च, 2023) होगा। बिहार दिवस, 2023 के लिए निर्धारित थीम सात निश्चय भाग-2 युवा शक्ति बिहार की प्रगति है। वहीं बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव द्वारा आयुक्त, जिलाधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ गांधी मैदान का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिया गया। इस साल भी विभिन्न विभागों की ओर से तरह तरह के कार्यक्रम देखने को मिलेंगे।

## खबरें फटाफट

### जख्मी स्कूटी सवार मैकेनिक की मौत

**आरा।** बक्सर-पटना फोरलेन पर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बड़कागांव के समीप सड़क हादसे में जख्मी स्कूटी सवार मैकेनिक की मौत हो गयी। पटना स्थित एम्स में इलाज के दौरान मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। मृत मैकेनिक बामपाली गांव निवासी दिनेश सिंह का 30 वषीर्या पुत्र मंटू सिंह था। वह गुजरात में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। बताया जा रहा है कि सोमवार की देर शाम वह अपने चचेरे भाई अनिल सिंह सोलंकी के साथ आरा से दवा लेकर स्कूटी से गांव लौट रहा था। उसी दौरान बड़कागांव स्थित पुल के समीप किसी वाहन ने उसकी स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी थी। उसमें दोनों भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। हादसे के दौरान एक स्कॉर्पियो भी अनियंत्रित होकर पुल से नीचे चार्ट में जा गिरी थी। उसमें यूनियन बैंक के ब्रांच मैनेजर समेत छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। हादसे के बाद गंभीर रूप से जख्मी मंटू सिंह और उसके चचेरे भाई अनिल सिंह सोलंकी को पटना रेफर कर दिया गया था।

### शराब के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

आरा। भोजपुर के धोबहा ओपी क्षेत्र के सलेमपुर गांव में मंगलवार की देर शाम शराब के विवाद में दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गयी। उस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और रोडेबाजी की गयी। एक पक्ष की ओर से फायरिंग करने की भी बात सामने आ रही है। मारपीट में एक पक्ष की ओर से देवर-भाभी जख्मी हो गए। हालांकि गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ है। दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में सलेमपुर गांव निवासी जगन यादव का 23 वर्षीय पुत्र रवि यादव और उसकी भाभी मीरा देवी है। रवि यादव ने बताया कि गांव के ही एक युवक शराब का कारोबार करता है। कुछ दिन पहले उसकी 12 पेटी शराब पुलिस द्वारा पकड़ ली गयी थी। उसके बाद से ही वह उस पर पुलिस को सूचना देने का आरोप लगा रहा था। उस बात को लेकर दोनों के बीच नोकझोंक हुई।

# हर हाल में 2025 तक जिले से टीबी का करना है उन्मूलन: सिविल सर्जन

**केटी न्यूज/बक्सर**

- टीबी उन्मूलन को जिला से लेकर पंचायतों तक तेज हुआ अभियान
- जिले में आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, सीएचओ, एमओआईसी व अधिकारियों को टीबी के लक्षण पहचानने की दी जा रही जानकारी

प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को जिले में विश्व यक्ष्मा दिवस मनाया जाता है। जिले में अभी से तैयारी शुरू कर दी गई। जिसके तहत जिले के सभी प्रखंडों में स्थित सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही, टीबी के लक्षणों वाले मरीजों की जांच भी की जाएगी। इसके लिए जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर पर आशा कार्यकताओं, एएनएम, सीएचओ, एमओआईसी व अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संबंध में सिविल सर्जन सह सीडीओ डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि विश्व में 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया, लेकिन सरकार ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश से 2025 तक की समय सीमा तय की है। जिसे हर हाल में पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

**आशाओं का किया जा रहा क्षमतावर्धन :** सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी स्तर पर कार्य करना होगा। जिसमें फ्रंटलाइन वर्कर्स की भूमिका सबसे अहम है। इसलिए प्रखंडों में पंचायतवार आशा कार्यकताओं और एएनएम का क्षमतावर्धन किया जा रहा है। जिसमें उन्हें टीबी के लक्षणों की पहचान, जांच व इलाज के साथ निगरानी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। साथ ही, उन्हें मिलने वाली प्रोत्साहन राशि तथा मरीजों को निक्षय पोषण राशि के संबंध में बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता टीबी के लक्षणों वाले मरीजों को जांच के लिए पीएचसी रेफर करेंगी।



जिसमें रोग की पुष्टि होने पर उन्हें प्रथम सूचक के रूप में 500 रुपये की राशि भुगतान की जाती है। वहीं, निश्चय पोर्टल पर मरीजों का डाटा अपलोड होते ही पूरा इलाज उनके घर पर ही डॉट प्रोवाइडर के माध्यम से निःशुल्क किया जाता है। साथ ही, मरीजों को इलाज अवधि में प्रतिमाह 500 रुपये निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत उनके बैंक खाता में दी जाती है।

**कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के जिम्मे मरीजों की निगरानी :** सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने बताया, टीबी उन्मूलन के प्रयासों की पहुंच दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की प्रतिनियुक्त की गयी है। टीबी उन्मूलन के लिये संचालित गतिविधियों के संचालन, संबंधित क्षेत्र में रोगियों की खोज, जरूरी जांच व उपचार ही नहीं, क्षेत्र में टीबी रोग के प्रति जागरूकता अभियान के संचालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है। जिसके तहत वह केंद्र पर आ रहे लोगों को बेहतर ढंग से टीबी की जांच और इलाज के साथ-साथ इससे बचने के लिए टीबी के लक्षण और सावधानियों के बारे में अच्छी तरह से जागरूक करें। साथ ही, गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के साथ लोगों को टीबी को लेकर मनोवैज्ञानिक, सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं फ्रंट लाइन वर्कर्स के सहयोग से टीबी के लक्षणों वाले मरीजों के बलगम का सैंपल कलेक्ट किया जायेगा। ताकि, मरीजों को जांच कराने के लिए प्रखंड या जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा।

### कला संकाय में लक्ष्मी, वाणिज्य संकाय में स्वेता ने मारी बाजी व विज्ञान में पीयूष रहा अव्वल

# इंटर का रिजल्ट जारी: छात्रों में छाई खुशी इस बार भी टॉप टेन में छात्राओं ने मारी बाजी

**केटी न्यूज/बक्सर**

मंगलवार को बिहार बोर्ड ने इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी किया। रिजल्ट आते ही सफल छात्रों के चेहरे की चमक बढ़ गई। रिजल्ट घोषित होते ही छात्रों की भीड़ विभिन्न साइबर कैफे पर उमड़ गई। इस बार बक्सर जिले के परीक्षार्थियों के लिए रिजल्ट बेहतर रहा है। इसका प्रमाण है कि पूरे राज्य के टॉप टेन की सूचि में जिले के दो परीक्षार्थियों ने जगह बनाया है। राज्य तथा जिला स्तर पर बेहतर अंक लाने वाले परीक्षार्थियों को बधाइयों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। उन्हें बधाई देने के लिए लोगों को तांता लग गया है। उनके घर पर मेला सा दृश्य कायम हो गया था। जिसमें एमवी कॉलेज के पीयूष कुमार ने विज्ञान संकाय में 468 अंको के साथ राज्य स्तर पर पांचवां तथा कला संकाय में एमवी कॉलेज की 466 अंको के साथ लक्ष्मी कुमारी ने सफलता प्राप्त की है। जिले के टॉप टेन की सुचि में 7 छात्राओं ने स्थान पाया है। कला संकाय में 2 तो वाणिज्य संकाय के तीनों स्थानों पर




- प्रदेश के टॉप टेन में जिले के दो परीक्षार्थी शामिल
- ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों ने भी लहराया परचम

संयुक्त रूप से चार छात्राओं ने अपना कब्जा जमा लिया है। वहीं विज्ञान संकाय में जिले में तीसरे स्थान पर छात्रा ही रही है। इस बार तीनों संकायों के प्रथम स्थानों पर जिला मुख्यालय के परीक्षार्थी ही रहे।

विभिन्न संकायों में जिले के टॉप थ्री में जगह बनाने वाले परीक्षार्थी : विज्ञान संकाय में एमवी कॉलेज बक्सर के पीयूष कुमार ने 468 अंक, डीके कॉलेज, डुमरांव के बिपुल कुमार पाल ने 457 अंक व प्लस टू महारानी उषारानी उच्च विद्यालय, डुमरांव की रानी कुमारी ने 455 अंक लाया है। वहीं, कला संकाय विभाग में एमवी कॉलेज की लक्ष्मी कुमारी ने 466 अंक, एमवी कॉलेज की आरती सिंह ने 463 अंक तथा एमवी कॉलेज के विशाल कुमार गुप्ता ने 461 अंक लाया है। दूसरी ओर, वाणिज्य संकाय में एमपी उच्च विद्यालय बक्सर की श्वेता कुमारी ने 443, राज प्लस टू उच्च डुमरांव डुमरांव की लक्की कुमारी ने 438 तथा इंटर कॉलेज डुमरांव की उर्वशी कुमारी भगत व राज प्लस टू उच्च डुमरांव डुमरांव की काजल कुमारी ने 437 अंक प्राप्त किए हैं।

**इंटरमीडिएट बिहार बोर्ड के परीक्षा में एसओई के छात्र छात्राओं ने मारी बाजी :** इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणा में डुमरांव के चर्चित कोचिंग संस्थान एसओई कॉमर्स क्लासेज हरी जी के हाता के छात्र-छात्राओं ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले में बेहतर स्थान हासिल किया है। इस बार डुमराव में लक्की कुमारी ने 438 नंबर लाकर प्रथम स्थान हासिल किया वहीं उर्वशी भगत, काजल कुमारी, खुशी कुमारी, लाडली खातून, सौम्या द्विवेदी, पिंकी कुमारी, पायल गुप्ता सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने 420 से अधिक नंबर लाकर जिले में अपना नाम रौशन किया और अच्छा स्थान प्राप्त किया है। इन सभी छात्र छात्राओं को आज संस्था के निर्देशक डॉ अभिषेक कुमार ने मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक मोहित जायसवाल, दीपक कुमार, रीमा सिंह, डॉ संजय कुमार इत्यादि उपस्थित रहे। अच्छे नंबर लाने वाले छात्र-छात्राओं में निम्न का नाम प्रमुख रहा लक्की कुमारी 438, उर्वशी कुमारी भगत 437, काजल कुमारी 437, खुशी कुमारी सिंह 435, स्नेहा वर्मा 425, स्वीटी द्विवेदी 421, खुशी कुमारी 421, लाडली खातून 420, रवि पटेल 413, अंजली कुमारी 408, पिंकी कुमारी 399, पायल गुप्ता 396, पूजा कुमारी 370, प्रीती कुमारी 365, कुमारी रिचा 363 व दीपशिखा ने 358 अंक लाया है।

## एक नजर

### मोटर एक्ट व ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों से वसूला जाए जुर्माना: डीएम



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में 10 विभागों के साथ आंतरिक संसाधन की बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में बताया गया कि निबंधन कार्यालय को वित्तीय वर्ष 2022-23 का लक्ष्य 7204 लाख रुपए दिया गया है। जिसमें फरवरी माह तक 5035.67 लाख रुपए वसूले गए। नगर परिषद को वित्तीय वर्ष 2022-23 का लक्ष्य 286.58 लाख रुपए दिया गया है, जिसमें माह फरवरी तक 203.46 लाख रुपए वसूली किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा मोबाइल टावर वसूली, एडवरटाइजिंग, होल्डिंग टैक्स, बस स्टैंड, ट्रेड लाइसेंस आदि का शत प्रतिशत वसूली करने का निदेश दिया गया। परिवहन कार्यालय को वित्तीय वर्ष 2022-23 का लक्ष्य 2883.00 लाख रुपए दिया गया है। जिसमें माह फरवरी तक 1988.81 लाख रुपए वसूली किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा हेलमेट नहीं पहनने, ओवरलोडिंग, बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों, टिंटेड ग्लास, प्रेशर हॉर्न, प्रदूषण फैलाने आदि के वसूली और सघन रुप से करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों तथा टिंटेड ग्लास वाली गाड़ियों से जुमार्ना वसूलने हेतु चरणबद्ध तरीके से जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर तथा एनफोर्समेंट सब इंस्पेक्टर द्वारा सघन जांच करने का निर्देश दिया गया। प्रवर्तन हितधारक होने के नाते उत्पाद, खनन,परिवहन तथा वाणिज्य कर विभागों द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए कॉन्फिस्केट होने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

### चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत होने पर दी बधाई

**जहानाबाद।** जदयू के राष्ट्रीय महासचिव सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को बनने पर जदयू नेताओं ने बधाई दी है। जदयू प्रदेश नेता संजय सिंह ने कहा कि सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी पार्टी के पुराने नेता है। संगठन संचालित करने का पुराना अनुभव है। 12 वर्षों तक जदयू अतिपिछड़ा का प्रदेश अध्यक्ष रहे है। सभी कार्यकताओं के लेकर संगठन मजबूत करने की क्षमता है। इस मनोनयन पर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और



राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को भी बधाई दी है। सांसद को जदयू नेता जदयू के प्रदेश महासचिव राजू सिंह, प्रदेशसचिव जयप्रकाश नारायण चंद्रवंशी,वरीय नेता निरंजन कुमार प्रिंस, संजय सिंह, दिलीप कुशवाहा, रंगनाथ शर्मा, अरमान अहमद गुड्ड, मनोज चंद्रवंशी, मुरारी यादव, बैजनाथ शर्मा, निरंजन अम्बेडकर, रणपटेल, पूर्व मुखिया प्रमिला देवी, पूर्व जिला परिषद सुनीता कुमारी, कुंदन सिंह, सुनील पांडेय, विनय विद्यार्थी ने बधाई दी।

### स्कूली बच्चों ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का किया भ्रमण

जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के निदेशानुसार बिहार दिवस के अवसर पर जिले के दो सौ छात्र व छात्राओं को राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, हुलासगंज का भ्रमण कराया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी रौशन आरा ने बताया कि राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, हुलासगंज में विद्यार्थियों ने भ्रमण कर अभियंत्रण शिक्षा में प्रयोग होने वाले उपकरणों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों द्वारा अभियंत्रण महाविद्यालय के



भव्य भवन तथा छात्रावास का अवलोकन किया गया। महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी प्रो. पुरूषोत्तम कुमार एवं प्रो. शशि कुमार तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. द्वारका दास नीमा ने बच्चों को महाविद्यालय का परिभ्रमण कराकर विस्तृत जानकारी दिया। ज्ञातव्य हो कि सुबह नौ बजे जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बच्चों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, हुलासगंज के लिए रवाना किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम में मध्य विद्यालय, ऊँटा, जहानाबाद के वर्ग 08 के 25 छात्र एवं 25 छात्राओं तथा +2 विद्यालय, गौतम बुद्ध, जहानाबाद के वर्ग 09 के 50 छात्र-छात्राओं को भ्रमण में जहानाबाद प्रखंड से परिभ्रमण कराया गया। साथ हीं रतनी प्रखंड से भी सौ छात्र/छात्राएं भी भ्रमण पर गये थे। 22 मार्च को जिले के सभी विद्यालयों में प्रभात फेरी के उपरांत विशेष एसेम्बली के माध्यम से बिहार गौरव गान एवं बिहार प्रार्थना गीत का आयोजन किया जाएगा तथा 24 मार्च, 2026 को पुनः दो सौ बच्चों को आईटीआई., परसविगहा तथा औद्योगिक परिसर, अलगना का भ्रमण कराया जाएगा।

# भोजपुर में घास काटने गई लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

- सूचना मिलते ही पुलिस ने की कार्रवाई

जिले के बहोरनपुर ओपी अंतर्गत दियारा में रविवार की दोपहर घास काटने गई एक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस संदर्भ में पीड़िता के मां के बयान पर महिला थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

दर्ज प्राथमिकी में 4/8 पॉक्सो को एक्ट लगाया गया। इस मामले में अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी प्रमोद कुमार ने जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें महिला थानाध्यक्ष भी शामिल थी। गठित टीम द्वारा बहोरनपुर ओपी अंतर्गत बहोरनपुर गांव में छापेमारी कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में बहोरनपुर ओपी क्षेत्र निवासी शंकर बीन का पुत्र मंजय बीन उर्फ मंजर चौधरी एवं स्व. बिजली गोंड का पुत्र रामबाबू गोंड उर्फ भुवर गोंड उर्फ मोतीलाल गोंड है। बताया जाता है कि लड़की 19 मार्च 2023 को घास काटने के लिए दियारा में गई थी तभी स्वर्गीय कन्हैया सिंह के गेहूं के खेत में घात लगाकर बैठे अभियुक्तों ने पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था इसकी सूचना पीड़िता की मां ने 20 मार्च को महिला थाना में दी।

# बाजार गए युवक की सड़क हादसे में मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के कुम्हैला गांव के पास सोमवार की रात ऑटो की ठोकर से एक युवक को मौत हो गयी। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के रेपुरा टोला (इटौर) गांव निवासी स्व. राम अवधेश सिंह का 25 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार था। वह प्राइवेट काम करता था। मंगलवार की सुबह उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया।





पिंटू के बड़े पिता वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की देर शाम वह मछली खरीदने बाजार गया था। देर शाम मछली लेकर वह अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान कुम्हैला गांव के समीप सामने से आ रहे एक ऑटो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए जीरो माइल स्थित निजी अस्पताल लाया गया था। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत देख पटना रेफर कर दिया गया था। पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उसके बाद उसके शव को वापस आरा सदर अस्पताल लाया गया।

सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि युवक अपने मां-बाप की इकलौता चिराग था। उसकी शादी वर्ष 2019 में हुई थी। लेकिन उसे कोई संतान नहीं था। उसके परिवार में मां रीता कुंवर, पत्नी पिंकी देवी, बहन शोभा देवी और सिंपी कुमारी है। घटना के बाद उसके घर में हाहाकार मच गया है।

### आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में कार्यशाला का हुआ आयोजन, 10 जिलों के प्रतिनिधियों ने की शिरकत

# सांझा प्रयास नेटवर्क के सदस्यों ने जाना सटीक वित्तीय प्रबंधन के गुर

**केटी न्यूज/पटना**

आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में बुधवार को पटना स्थित एक निजी होटल में सांझा प्रयास नेटवर्क के सदस्यों के लिए क्षमतावार्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। नेटवर्क के सदस्यों को अपने अपने संस्थाओं के लिए सटीक वित्तीय प्रबंधन एवं डोनर संस्थाओं द्वारा दिए जाने वाले राशि के सही इस्तेमाल के बारे में तकनीकी जानकारी दी गयी। फाउंडेशन के वरीय समन्वयक राजीव गुप्ता ने बताया कि सांझा प्रयास नेटवर्क से जुड़ी सभी संस्था सुरक्षित गर्भपात को



लेकर समुदाय में जागरूकता फैलाने का काम कर रही है, लेकिन उनके अन्य सामाजिक हित के कार्यों को संपादित करने के लिए आर्थिक अनुदान की आवश्यकता है। इसके लिए प्राप्त सहायता का सटीक वित्तीय प्रबंधन को डोनर संस्था के समक्ष प्रस्तुत करना जरुरी है ताकि आगे भी उन्हें अपने सामाजिक कार्यों के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध हो सके। राजीव गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला के उपरांत सांझा प्रयास नेटवर्क से जुड़ी संस्थायें अपने संस्थानों का वित्तीय प्रबंधन बेहतर तरीके से कर पायेंगी।

**राज्य के 10 जिलों के प्रतिनिधियों ने की शिरकत:** क्षमतावार्धन कार्यशाला में सांझा प्रयास नेटवर्क के 10 जिलों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की. ये जिले हैं- पटना, मुंगेर, सीतामढ़ी, सारण, वैशाली, नवादा, बांका, मधुबनी, रोहतास एवं किशनगंज। आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के दिल्ली कार्यालय से आये वरीय विशेषग्य, फाइनेंस एंड एडमिनिस्ट्रेशन, अभिषेक गुप्ता ने संस्थान के लिए वित्तीय प्रबंधन के गुर एवं इसके महत्त्व के बारे में प्रतिभागियों का उन्मुखीकरण किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सशक्त एवं सटीक तरीके से अपने संस्थानों का वित्तीय प्रबंधन करने के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सटीक वित्तीय प्रबंधन के बारे में विभिन्न चरणों की विस्तार से जानकारी दी और प्रतिभागियों के सवाल के जवाब दिए।

**संशोधित सुरक्षित गर्भसमापन कानून की दी गयी जानकारी:** कार्यशाला में आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के वरीय समन्वयक राजीव गुप्ता ने बताया कि सुरक्षित गर्भ समापन हर महिला का अधिकार है। उन्होंने बताया कि 1971 के प्रावधानों के अनुसार, गर्भ समापन कई शर्तों के साथ वैध माना गया है और एमटीपी एक्ट 2021 में संशोधन किया गया है। जिससे विशेष श्रेणी की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह तक के गर्भ को शर्तों के अनुसार समापन कराया जा सकता है। भ्रूण विकृति के मामलों में गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय गर्भ समापन को मान्य किया गया है। महिला या उसके साथी द्वारा प्रयोग किए गए गर्भनिरोधक तरीके की विफलता की स्थिति में अविवाहित महिलाओं को भी गर्भ समापन सेवाएं दी जा सकेंगी।

## खबरें फटाफट

### गोला रोड से बाइक की चोरी, केस दर्ज

**डुमरांव।** डुमरांव में बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को शहर के मुख्य मंडी गोला रोड से उचक्कों ने सड़क किनारे खड़ी एक बाइक पर हाथ साफ कर दिया है। इस मामले में सिमरी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी संजय कुमार यादव ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। पीड़ित ने अपने दिये गये आवेदन में बताया है कि वह अपना हीरो स्प्लेंडर बाइक राज गोला के मुख्य द्वार पर खड़ा कर मंडी में सामानों की खरीदारी कर रहा था। जब वापस आया तो बाइक नदारद थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कही अता-पता नही चला। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अज्ञात चोरों की शिनाख्त करने में जुट गयी है।

### पूर्व जिलाध्यक्ष को दी गई श्रद्धांजलि

**बक्सर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष 80 वर्षीय बबन उपाध्याय के निधन से जिले में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर मिलते ही शहर के चीनी मिल स्थित कार्यालय में वामन चेतना मंच के सदस्यों ने शोक सभा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंच के नगर अध्यक्ष कमलाकर ओझा ने किया। इस दौरान उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रह कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। नगर अध्यक्ष ने बताया कि उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। जिसे सोमवार को उनका निधन हो गया। उन्होंने कहा कि वे काफी मिलनसार, कर्मठ एवं कुशल कार्यकर्ता थे। व्यवहार कुशल कार्यकर्ता के निधन से मंच के सदस्य काफी मर्माहत है। इस दौरान मंच के सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त की।

# साइबर क्राइम पुलिस के फाइलों में बंद हो जाती वारदातें, पीड़ितों को नहीं मिलता न्याय

**सौरभ केसरी/डुमरांव**

❐ गाढ़ी कमाई गंवाने के बाद भी दर-दर भटकते हैं पीड़ित

साइबर क्राइम से जुड़े कई मामले की एफआईआर दर्ज होने के बाद भी डुमरांव पुलिस ऐसे मामलों में अनुसंधान करने से परहेज करती है। करीब दो माह के अंदर पुलिस के फाइल में आठ से अधिक मामले साइबर क्राइम से जुड़े है। लेकिन इस मामले में अबतक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

ऐसी स्थिति में अपने गाढ़ी कमाई गंवा चुके पीड़ित बैंक शाखाओं से लेकर पुलिस के चौखठ तक दौड़ लगाने के लिए विवश बने है। वहीं साइबर क्राइम से जुड़े अपराधी कानून को गुमराह कर नये-नये तरीके ईजाद कर रहे है। महफूज जगहों पर बैठ ऐसे वारदातों को अंजाम दे रहे है। स्थानीय शहर व आसपास के इलाकों में साइबर क्राइम से जुड़े अपराधी बैंकों व एटीएम के इर्द-गिर्द मंडराते रहते है और मौका मिलते ही एटीएम कार्ड को बदल कर हजारों का चूना लगा देते है। यहीं नही मोबाइल फोन पर भी कॉल कर उपभोक्ताओं के खाते की जानकारी कर ठगी करते है और उसके खातों से पैसों का ट्रांसफर व ऑनलाइन खरीदारी भी करते है। इलाके में एटीएम के अंदर अपराध से जुड़े



युवक खड़े रहते है और बुजुर्ग व खासकर महिलाओं को टारगेट बनाते है। ऐसे लोग जो कम पढ़े-लिखे होते है, जिनको तकनीकी की कम जानकारी होती है और वह अन्य लोगों से मदद मांगते है। इसका लाभ उठाकर अपराधी किसी तरीके से खातेधारकों का एटीएम नीचे गिरा देते है और उसे बदलने में कामयाब हो जाते है। अपराधी शातिराना तरीके से एटीएम कार्ड का पिन नंबर पता करते है और दूसरे एटीएम में जाकर पैसे निकाल चंपत हो जाते है।

**इनाम के लिए भी देते है लालच :** ठग किसी भी अनजान व्यक्ति के मोबाइल पर कॉल करता है जिसमें लकी ड्रॉ में शामिल होने की बात कह कर उसे कीमती सामान (कार, बाइक, लैपटॉप, टीवी आदि) या नगद इनाम का लालच देता है। ऐसे में पीड़ित खुद को इनाम का हकदार मान कर उसे हासिल करने के लिए तैयार हो जाता है फिर ठग मोबाइल पर अपना एकाउंट नंबर पीड़ित को देता है, जिसमे इनाम को प्राप्त करने में आने वाले खर्च के रूप में मोटी रकम को एकाउंट में डालने की बात कहता है। इस पर एकाउंट में पैसा भेजने के बाद ठग से हमेशा के लिए संपर्क टूट जाता है।

**साइबर क्राइम को लेकर बना है सख्त कानून :** भारत में भी साइबर क्राइम मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। सरकार ऐसे मामलों को लेकर बहुत गंभीर है। भारत में साइबर क्राइम के मामलों में सूचना तकनीक कानून 2000 और सूचना तकनीक (संशोधन) कानून 2008 लागू होते हैं। मगर इसी श्रेणी के कई मामलों में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), कॉपीराइट कानून 1957, कंपनी कानून, सरकारी गोपनीयता कानून निरोधक कानून के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है।



" घटना के बाद बैंकों के एटीएम में लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला जाता है, लेकिन फिर भी अपराधियों का चेहरा स्पष्ट नहीं दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में अनुसंधान करने में बाधा पहुंचती है। पुलिस ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई शुरू कर देती है। इससे बचाव को लेकर पुलिस जागरूकता अभियान भी चलाती है, साथ ही कई बार जागरूक बनने के लिए बैंक और ग्राहकों के बीच सेमिनार किया गया है। **- राज, एएसपी**

## सीएसपी खुलते ही आ धमके लूटेरे, 20 हजार नगद व सोने का चेन लूट हुए फरार

# अपराधी बेखौफ: गन प्वाइंट पर सीएसपी संचालक से लूट, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में अपराधी व लूटेरे बेखौफ हो गए है। मंगलवार को लूटेरों ने दिनदहाड़े एक सीएसपी संचालक से गन प्वाइंट पर 20 हजार नगद रूपए के साथ ही उसके गले से सोने का चेन लूट फरार हो गए। घटना सुबह 11 बजे वीर कुंवर सिंह कॉलोनी की है। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई है। हालांकि सीएसपी का सीसीटीवी कैमरा खराब होने से लूटेरों की कोई फुटेज पुलिस के हाथ नहीं लग सकी है। वैसे पुलिस तकनीकी साधनों तथा मुखबिरों के सहारे इस मामले के उदभेदन में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में सीएसपी का संचालन करने वाला धर्मेन्द्र कुमार मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे जैसे ही सीएसपी खोल अंदर पहुंचा कि उसकी समय एक सफेद रंग की अपाची बाइक पर सवार तीन लूटेरे उसके सीएसपी पर आ धमके। इस



■ भूमिहीनों को बासगीत पर्चा व प्रतिमाह तीन हजार रुपए का गुजारा भत्ता देने की हुई मांग

दौरान एक लूटेरा बाहर बाइक स्टार्ट कर उस पर बैठा था जबकि दो अंदर गए तथा गन प्वाइंट पर संचालक को कब्जे में ले काउंटर से 20 हजार रूपए नगद तथा उसके गले से सोने का चेन छिन लिया। सीएसपी संचालक की सूचना पर तत्काल टाउन थाने तथा मोबाइल पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तबतक लूटेरे सुरक्षित भाग निकले थे।

**दिनदहाड़े हुई वारदात के बाद सहमे व्यवसायी :** बक्सर में दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात के बाद सीएसपी संचालक व व्यवसायी लूटेरों के खौफ से सहमें हुए है। उनका कहना है कि जब जिला मुख्यालय के वीर कुंवर सिंह जैसे शहरी क्षेत्र में स्थित सीएसपी भी सुरक्षित नहीं है तो पूरे जिले के सीएसपी तथा अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की क्या गारंटी है। दिन के उजाले में घटना को




अंजाम दे लूटेरों ने यह साबित भी कर दिया है कि उनमें पुलिस का भय बिल्कुल नहीं है। वैसे पुलिस ने इस घटना को चुनौती के रूप में लिया है। घटना के बाद से ही पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

**खराब है सीएसपी का सीसीटीवी कैमरा :** सीएसपी संचालक धर्मेन्द्र की मानें तो दो महीना पहले कमरे का पेंटिंग कराने के दौरान ही सीसीटीवी कैमरा खराब हो गया था। जिसका उसने मरम्मत नहीं कराया था। इसी दौरान लूटेरों ने उसके सीएसपी पर लूट की घटना को अंजाम दिया है। जानकारों का कहना है कि यदि सीएसपी का सीसीटीवी कैमरा काम करता तो लूटेरों की पहचान में पुलिस को सहूलियत होती।

**कहते है थानाध्यक्ष :** इस संबंध में टाउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची थी। लेकिन तबतक लूटेरे भाग निकले थे।

## एक नजर

### जयंति पर याद किए गए भारत रत्न बिस्मिल्लाह खान, डुमरांव में आयोजित हुआ कार्यक्रम



डुमरांव। भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ने शहनाई के सुरों में डुमरांव के मिट्टी की खुशबू घोलकर विश्व में अपनी पहचान बनायी। उनके शहनाई के सुरीले स्वर ने हिंदू-मुस्लिम एकता को एक माले में पिरोया। डुमरांव के बचई मियां के छोटे आंगन से निकाल कर शहनाई के सुर में पारंगत होना गर्व की बात है। उक्त बातें एसडीएम कुमार पंकज ने अपने संबोधन में कहीं। शहनाई सम्राट उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के 107 वीं जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजाद भारत के लालकिला के प्राचीर से पहली बार देश के नाम शहनाई की धुन देकर उस्ताद ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इसके पूर्व इस कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीएम सहित एएसपी राज, भूमि उप समाहर्ता गिरिजेश कुमार, निर्वाचन पदाधिकारी नवाज सरफराज, नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इसके बाद आगत अतिथियों सहित गणमान्य लोगों ने उस्ताद के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम ने की जबकि संचालन पत्रकार अरुण विक्रांत ने किया। शहनाई के जादूगर भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां को हिंदू-मुस्लिम एकता के सिपाही बताते हुए एएसपी राज ने कहा कि अपने मेहनत और शहनाई वाद्य के फन से उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ने विश्व मे अपनी एक अलग पहचान बनायी। डुमरांव के बांके बिहारी मंदिर में अपने सुरों की खुशबू बिखेरने वाले बिस्मिल्लाह को भारत रत्न से कई अलंकार पदों से नवाजा गया। मां गंगे के तट पर बैठकर शहनाई की गूंज देने वाले उस्ताद को विश्व पटल ने मान-सम्मान दिया। मौके पर अधिवक्ता मोहम्मद इजहार, मनोज श्रीवास्तव, प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह सहित अनुमंडल प्रशासन के कर्मियों के अलावे दर्जनों अधिवक्ता व गणमान्य उपस्थित थे।

### सीएचसी में एएनएम व आशा कार्यकताओं को यक्ष्मा उन्मूलन पर दी गई जानकारी

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड स्थित सीएचसी पर मंगलवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभी एएनएम व आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने स्वास्थ्य कर्मियों को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी के योगदान करने की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार ने जोर दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने



आशा कार्यकताओं को अपने पोषक क्षेत्र के डोर टू डोर पहुंचकर टीवी रोगियों का सर्वे करने तथा टीवी के लक्षण वाले रोगियों को इलाज के लिए प्रेरित भी करने की दायित्व सौपा। साथ ही वैसे रोगियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा हेल्थ वेलफेयर सेंटर पर ले जाने व वहां कार्यरत सीएचओ के माध्यम से रोगियों का जांच कराने का काम करने की निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान एएनएम व आशा कार्यकताओं को यक्ष्मा रोगियों के इलाज तथा उनको सरकार द्वारा मिलने वाली सहयोग के विषय में भी बताया गया। यक्ष्मा के लक्षण वाले रोगियों की मुफ्त जांच के साथ दवाइयां उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक एसटीएस कुमार वरुण मौर्य, एसटीएलएस पंकज जायसवाल, हेल्थ मैनेजर चिंतामणी, बीसीएम तस्लीम, बीएमई रविंद्र दुबे, टीवी चौम्पियन कविंद्र सिंह समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### चेन पुलिंग करनेवालों व महिला तथा दिव्यांग डिब्बों में अनधिकृत यात्रा करनेवालों पर सख्ती

**बक्सर।** रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों तथा महिला व दिव्यांग बोगियों में अनधिकृत रूप यात्रा करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान 13 से 19 तक दानापुर मंडल में ट्रेनों में एसीपी के कारण समय-पालन ह्रास को रोकने के लिए तथा ट्रेनों को सही समय पर परिचालन बनाए रखने के लिए एसीपी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध रे.सु.ब. पोस्ट एवं ट्रेनों में तैनात मार्गरक्षण दल के द्वारा कार्यवाही की गई है। जिसमें ट्रेनों में अनावश्यक रूप से एसीपी करने वाले कुल 99 व्यक्तियों की गिरफ्तारी रे.सु.ब. के द्वारा की गई। जिसके विरुद्ध मुकद्दमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार ने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा। वहीं सोमवार को वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त/रे.सु.ब./दानापुर के निर्देशन में पूरे दानापुर मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर रे.सु.ब. के द्वारा ट्रेनों के महिला बोगी एवं दिव्यांगजन बोगी में अनधिकृत यात्रा करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ चेकिंग एवं धर-पकड़ अभियान चला विभिन्न ट्रेनों में महिला बोगी में यात्रा करते हुये कुल 254 पुरुष यात्रियों को गिरफ्तार कर एफआईआर दर्ज कराया गया है तथा ट्रेनों के दिव्यांगजन डिब्बों में अनधिकृत रूप से यात्रा करते हुये कुल 114 व्यक्तियों समेत कुल 368 व्यक्तियों को रेलवे न्यायालय भेजा गया। जहां जुमार्ना के रूप में कुल - 1,17,500/ रुपए की राशि जमा हुई।

## दलालों के हाथ कठपुतली रह चुके शिक्षा विभाग के कई अधिकारी, अब जांच में खुलेगी कलई

**केटी न्यूज/बक्सर**

♦ पांच साल पहले बक्सर बीआरसी से चोरी हुई संचिकाएं खोल सकती थी कई महत्वपूर्ण राज

शिक्षा विभाग में दलालों का न सिर्फ कर्मियों बल्कि कई जिला व प्रखंड स्तरीय कई पदाधिकारियों से भी गहरा सांटगाठ रहा है। जानकारों की माने तो पूर्व के कई बड़े अधिकारी इनके हाथों की कठपुतली मात्र थे। यहा सक्रिय दलाल अपनी मर्जी से कार्यो का निष्पादन कराते थे। इस कड़ी में शिक्षकों का नियोजन भी शामिल रहा है।

वर्ष 2018 में बक्सर बीआरसी से तीन बार के नियोजन की संचिकाएं, बैठक पंजी तथा कुछ शिक्षकों के शिक्षक पात्रता परीक्षा का मूल अंक पत्र गायब हो गया था। इस संबंध में तत्कालीन बीईओ सुषमा कुमारी ने नगर थानें में 4 दिसंबर 2018 को कांड संख्या 703/18 दर्ज कराया था। जिसमें बीईओ ने बताया था कि एक दिन पूर्व ही उनके कार्यालय का ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने वर्ष 2006, 08 तथा 12 के नियोजन संबंधित संचिकाओं के साथ ही 2012 में नियोजित कुछ शिक्षकों के टेट का मूल अंक पत्र, नियोजन की बैठक पंजी, फोटो कैमरा, अहिरौली व जासो पंचायत के संचिकाओं के साथ ही लोकेश त्रिपाठी से संबंधित संचिकाएं गायब हो गई है। बीईओ ने अज्ञात पर यह मामला दर्ज कराया था। लेकिन इस चोरी से कई सवाल खड़े हो रहे है। बता दें कि पटना हाई कोर्ट के निर्देश पर निगरानी विभाग द्वारा 2003 से 2014 तक नियोजित शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच की जा रही है। ऐसे में सवाल उठता हैं कि कही निगरानी के जांच को प्रभावित करने के लिए तो संचिकाओं को जानबूझकर गायब तो नहीं किया गया है।

विभागीय सूत्रों की मानें तो यदि इस चोरी की गहराई से जांच की जाए तो कई चौकानें वाले तथ्य सामने आ सकते है। जानकार बताते है कि डीपीओ मामले में फरार चल रहे अजय सिंह का नियोजन इकाइयों से गहरा नाता रहा है। सूत्रों की मानें तो यदि 2018 में बक्सर बआरसी से गायब संचिकाओं के चोरी से पर्दा उठा तो कई राज खुलकर सामने आएंगे।

## मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में गड्ढे में डालकर नष्ट किए गए जब्त अंग्रेजी व देसी शराब

**केटी न्यूज/नावानगर**

♦ नावानगर व कृष्णाब्रह्म थाना अंतर्गत जब्त शराब को किया गया नष्ट

सोनवर्षा ओपी व कृष्णाब्रह्म पुलिस ने अपने अपने थाना में पिछले कई कांडों में बरामद शराब को मंगलवार को विनष्ट किया है। मिली जानकारी के अुनसार सोनवर्षा ओपी परिसर में मंगलवार को आठ कांडों में जब्त 96 लीटर महुआ एवं अंग्रेजी शराब विनष्ट किया गया। साथ ही प्लास्टिक की गैलेन एवं प्लास्टिक शीशी को आग के हवाले कर दिया गया। शराब विनष्टीकरण के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह सीओ अजीत कुमार एवं सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह की उपस्थिति में की गई। सीओ ने बताया कि शराब विनष्टी में 91 लीटर महुआ शराब तथा पांच लीटर अंग्रेजी शराब को गड्ढे में डालकर नष्ट कर दिया गया।

शराब विशिष्टी के दौरान सोनवर्षा ओपी के सभी स्टांप एवं चौकीदार मौजूद थे। वही दूसरी तरफ कृष्णाब्रह्म थाना परिसर में हजारों रुपये का विदेशी एवं देशी शराब का विनिष्टिकरन किया गया। विनष्ट किया गया शराब सात मामलो में बरामद हुआ था। विनष्टिकरण के दौरान बतौर मजिस्ट्रेट सह अंचलाधिकारी डुमरांव अंकिता



सिंह, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार मौजूद रहे। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से सात मामलो में 60 लीटर विदेशी एवं देशी शराब बरामद किया गया था, जिसे नियमानुसार मंगलवार को नष्ट किया गया।

## चक्की में मेला में 769 अभ्यर्थियों ने कराया था रजिस्टेशन, शामिल हुई थी कई कंपनियां

# जीविका के माध्यम से रोजगार मेला आयोजित, 162 को मिला रोजगार

**केटी न्यूज/चक्की**

मंगलवार को दियारा क्षेत्र के चक्की में जीविका समूह द्वारा रोजगार सह कैरियर मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बेरोजगार युवा शामिल हुए। वही विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 162 युवाओं का चयन ऑन द स्पाट किया गया।

इस रोजगार मेले का आयोजन जीविका द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत चक्की प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया था। जिसका उद्घाटन चक्की बीडीओ रूखसार एवं जीविका प्रोजेक्ट के जिला परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार सुमन




ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। रोजगार मेले में 11 विभिन्न कंपनियों के स्टाल लगाये गए थे। इसमें रोजगार के लिए 459 तथा कैरियर मार्गदर्शन के लिए 310 समेत कुल 769 युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया। जिसमें 162 युवाओं को रोजगार के लिए सीधे प्राथमिक रूप से चयन किया गया। वहीं स्वरोजगार एवं दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत प्रशिक्षण के लिए 310 युवाओं ने अपना नामांकन कराया। प्रखंड विकास पदाधिकारी चक्की ने कहा कि जीविका की वजह से महिलाओं में जागृति आई है। यह समूह ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को भी जागरूक कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ रही है। इससे सरकार की योजनाओं का लाभ उन तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के लिए जीविका का प्रयास सराहनीय है। युवाओं को इस प्रकार के अवसरों का लाभ लेना चाहिए। जबकि जीविका के चन्दन कुमार सुमन ने बताया कि जीविका से जुड़े परिवारों की घर की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किये जा रहें हैं। इसमें से एक प्रमुख कार्य जीविका दीदियों के बेरोजगार बच्चों को रोजगार प्रदान करने के लिए कौशल विकास के तहत उनका स्कील डेवलप कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहें हैं।

**इन कंपनियों ने किया शिरकत :** जीविका के प्रबंधक रोजगार भोले नाथ पाण्डेय ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 11 कंपनियॉ बेरोजगार युवाओं को उनके हुनर के अनुसार चयन करने आई थी। जिसमें खादिम, जी-4 एस सिक्योरिटी, सुब्रोस लिमिटेड, नोयडा, सीआरपीएल स्काई लाइन पावर, उत्कर्ष माइक्रो फाइनांस, वर्धमान, इकॉम एक्सप्रेस वितरण, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी प्रा० लि०, ग्रेबीज (युवतियों के लिए), हिंदुस्तान कम्प्यूटर्स लिमिटेड, एलएंडटीकंपनी ने अपने स्टाल लगाये थे। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में चयनित युवाओं को नियोक्ता कंपनियों के द्वारा अभ्यर्थियों को पद के अनुरूप वेतन के अतिरिक्त कम्पनी के शर्तों के अनुसार अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में जीविका जिला कार्यालय से प्रबंधक आईबीसीबी रवि किशोर प्रसाद, अधिप्राप्ति प्रबंधक दीपक कुमार, रोहित कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, चितरंजन कुमार एवं प्रखंड कार्यालय के चंद्रदेव, संतोष, ललित और राणा के साथ ही अन्य कर्मियों के साथ ही सैकड़ो युवा मौजूद थे।

# स्क्रैप पॉलिसी... एक अप्रैल से जनपद के 15 हजार वाहन हो जाएंगे कबाड़

- ♦ व्हीकल स्क्रैपिंग पॉलिसी के तहत परिवहन विभाग ने ऐसे वाहनों को कबाड़ घोषित करने की तैयारी शुरू कर दी है जो 15 वर्ष से अधिक के हो गए हैं

**केटी न्यूज/बलिया**



स्क्रैप पॉलिसी लागू होने के बाद एक अप्रैल को अपनी उम्र पूरी कर चुके जिले के 15 हजार वाहन कबाड़ हो जाएंगे। एक अप्रैल से लागू हो रही व्हीकल स्क्रैपिंग पॉलिसी के तहत परिवहन विभाग ने ऐसे वाहनों को कबाड़ घोषित करने की तैयारी शुरू कर दी है जो 15 वर्ष से अधिक के हो गए हैं।

फिलहाल, जिले में करीब 50 हजार से अधिक वाहन पंजीकृत हैं। इनमें 15 हजार से अधिक वाहन कबाड़ की श्रेणी में आ गए हैं। इसमें 1,062 मोटरसाइकिल और स्कूटर, 229 मोपेड और 4,646 कार शामिल हैं। इन वाहनों की निर्धारित आयु 15 वर्ष पूरी हो चुकी है। इसमें से अधिकतर के पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं हुआ है। कुछ सड़क पर प्रदूषण फैलाने के साथ दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं तो कुछ दरवाजे या दुकानों पर खड़े हैं। उम्र पूरी करने के बाद भी स्वामियों ने इन वाहनों का पुनः पंजीयन नहीं कराया है। निजी वाहनों के लिए रोड टैक्स में 15 फीसदी और व्यवसायिक वाहनों के लिए आठ वर्ष पर कुल टैक्स में 10 फीसदी की छूट मिलेगी।

## 15 वर्ष की मियाद पूरी कर चुके वाहन जाएंगे स्क्रैप सेंटर

परिवहन विभाग के आरआई राजभूषण चौधरी ने बताया कि 23 सितंबर 2021 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अधिसूचना मोटरयान (यान स्क्रैपिंग सुविधा का रजिस्ट्रीकरण और कार्य) नियम 2021 तय किया था। इस नियम के तहत तयशुदा मियाद पूरी कर चुके पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र (आरवीएसएफ) जाएंगे। वहां से उनको स्क्रैप करने के लिए निस्तारित या निपेक्ष प्रमाणपत्र मिलेगा। पुराना वाहन स्क्रैप कराने के बाद नया वाहन लेन पर रोड टैक्स में छूट दी जाएगी। नई नीति के तहत अब फिटनेस नहीं होने की सूरत में गैर व्यवसायिक वाहन 15 वर्ष और व्यवसायिक वाहन महज आठ वर्ष तक चल सकेंगे। जिले में करीब 15 हजार वाहन नई स्क्रैप नीति की परिधि में आ गए हैं, इनकी फिटनेस नहीं हुई है।

### क्या कहते हैं एआरटीओ

स्क्रैप पॉलिसी लागू होने के बाद 15 वर्ष से पुराने वाहन स्क्रैप किए जाएंगे। स्क्रैप सेंटर खोलने के लिए पात्र व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

– **अरूण कुमार राय,** एआरटीओ

# दुष्कर्म मामले का आरोपी थाने से फरार थानाध्यक्ष समेत सात पुलिसकर्मी सस्पेंड

**केटी न्यूज/जौनपुर**

किशोरी के साथ दुराचार एवं पाक्सो एक्ट का अपराधी बबी गौतम मंगलवार की सुबह बदलापुर थाने की पुलिस को गच्चा देकर हिरासत से फरार हो गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक डा.अजय पाल शर्मा ने थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय, निरीक्षक (अपराध) देवेंद्र सिंह समेत सात पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस कर्मियों के यह कार्रवाई कर्तव्य पालन में उदासीनता बरतने के आरोप में की गई है। पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने बताया कि फरार आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है। टीमें संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

## खबरें फटाफट

### रविशंकर सिंह उर्फ पप्पू को कोर्ट ने आरोप से किया बरी

**बलिया।** करीब नौ वर्ष पहले लोकसभा चुनाव के दौरान बसपा के सलेमपुर प्रत्याशी रहे रविशंकर सिंह उर्फ पप्पू को कोर्ट ने आरोप से बरी कर दिया। वर्तमान में वह एमएलसी हैं। उन पर हाथी चुनाव चिह्न का नीले रंग से पेंट करवाकर चुनाव प्रचार करने को लेकर आचार संहिता उल्लंघन करने का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय एमपी-एमएलए तपस्या त्रिपाठी (एसीजेएम) ने साक्ष्य के अभाव में रविशंकर को दोष मुक्त कर दिया। कोर्ट ने 20-20 हजार के दो-दो प्रतिभूति और बंधपत्र जमा करने पर रिहा करने का आदेश दिया। अभियोजन के अनुसार, यह घटना खेजुरी थाना अंतर्गत जूनियर हाईस्कूल बहेरी में 23 मार्च 2014 को घटित हुई थी। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सलेमपुर का लोकसभा चुनाव हो रहा था। इसमें बतौर बसपा प्रत्याशी रविशंकर ने स्कूल की दीवार पर हाथी चुनाव चिह्न का प्रचार नीले रंग के पेंट से लिखवा कर आचार संहिता का उल्लंघन किया था। इस पर एसएचओ खेजुरी ने चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रशेखर नगर निवासी रविशंकर उर्फ पप्पू पर एनसीआर के रूप में दर्ज किया। मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उन्हें आरोपों से बरी कर दिया।

## चैत्र नवरात्र : आज होगी मां शैलपुत्री की पूजा, कामाख्या धाम मंदिर में उमड़ती है भक्तों की भीड़

# सिकरवार वंशीय राजपूतों की कुल देवी के रूप में होती है मां कामाख्या की पूजा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





जनपद का प्राचीन इतिहास कई प्रसिद्ध ऋषि- मुनियों की तपोभूमि से जुड़ा हैं। जिसमें जमदग्नि ऋषि, परशुराम ऋषि, राजा गाधि, ऋषि विश्वामित्र और कण्व ऋषि जैसे महान व्यक्तित्व वाले महापुरुषों की स्थली हैं। दूसरी ओर अनेक साधुओं- संतों की कर्मभूमि भी हैं। गाजीपुर के क्षेत्रों में जगह- जगह पर कई साधु संतों में नागा बाबा, पवहारी बाबा, मौनी बाबा, गंगाराम दास बाबा जैसे प्रसिद्ध संतों का आश्रम भी यहीं स्थापित है।

आज हम गाजीपुर के प्रसिद्ध मां कामाख्या धाम मंदिर मंदिर के बारे में बात करेंगे, जहां वर्ष भर भक्तों और श्रद्धालुओं का दर्शन करने के लिए तांता लगा रहता है। चैत्र नवरात्र बुधवार से आरंभ हो रहा है। यह मंदिर आदिशक्ति मां भवानी दुर्गा माता को समर्पित है। पुरानी मान्यताओं के अनुसार माँ कामाख्या को सिकरवार वंशीय राजपूतों की कुल देवी के रूप में बताया गया हैं। नवरात्रि के पावन नौ दिनों तक यहाँ मेला का आयोजन किया जाता है। वैसे मंदिर में हजारों लोग प्रतिदिन दर्शन करने आते हैं।यह मंदिर गाजीपुर के सेवराई तहसील (पहले जमानिया तहसील था) के अंतर्गत करहिया नामक ग्राम में स्थित हैं। मंदिर परिसर के पास ही एक तालाब बना हुआ हैं, जिसके चारों तरफ सीढ़ियां बनी हैं। जहाँ भक्त स्नान आदि भी कर सकते हैं। वन विभाग उत्तर प्रदेश के सौजन्य से एक छोटा सा पार्क भी मंदिर के समीप ही बना हुआ हैं। मंदिर का नव निर्माण हो चुका है। इस मंदिर के परिसर को बहुत ही खूबसूरती के साथ बनाया गया हैं। मुख्य रूप से माता कामख्या की मूर्ति केंद्र में है। जबकि परिसर में अन्य देवी और देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं।

**मंदिर में दर्शन करने का समय**

मंदिर प्रत्येक दिन मुख्य पुरोहित के द्वारा सुबह 4:30 बजे भोर में मंगला आरती करने के बाद ही मंदिर के कपाट, भक्तों को दर्शन के लिए खोल दिया जाता हैं। दोपहर में 12:30 बजे के बाद बन्द कर दिया जाता हैं। 2:30 बजे के बाद पुनः मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खुल जाता हैं। रात्रि 9:30 बजे के बाद मंदिर आरती के बाद बन्द कर दिया जाता हैं।

### नवमी तिथि को होगी घुड़दौड़ प्रतियोगिता

चैत नवरात्र को लेकर जिले की अति प्राचीन मां कामाख्या मंदिर परिसर में दुकानें लग चुकी है। परिसर में सैकड़ों दुकानदार अपनी दुकानों को सजाने में जुट गए हैं। मंदिर परिसर में लगने वाले मेले से दुकानदारों को अच्छी आमदनी होती है। एक दिन पहले ही तरह-तरह की चुनरी, प्रसाद, माला, खिलौने आदि सामान से दुकानों को सजाया गया है।

बता दें कि हर बार की तरह नवरात्र के नवमी तिथि को घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जहां जनपद सहित अन्य जिलों के घोड़े प्रतियोगिता में भाग लेंगे। माता के धाम पर नवरात्र में जनपद के कोने-कोने से ही नहीं पड़ोसी राज्य बिहार व आसपास के जिलों से श्रद्धालु मां के चरणों में माथा टेकने आते हैं। धाम में आए श्रद्धालु परिसर में नीचे लगी दुकानों से माला, फूल, चुनरी, नारियल, रक्षा आदि प्रसाद खरीद कर मां के चरणों में चढ़ाते हैं। परिसर में दुकान लगाने वाले दुकानदारों का कहना है कि नवरात्र में श्रद्धालुओं की होने वाली भीड़ को देखते हुए सभी सामानों का स्टॉक कर लिया गया है।

**कामाख्या मंदिर पर सुरक्षा की रहेगी चाकचौबंद व्यवस्था:** कामाख्या धाम मंदिर पर सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। कामाख्या धाम मंदिर समिति के सौजन्य से धाम तक जाने वाली सड़क, सीढ़ी के रास्ते की साफ-सफाई व रंग-रोगन करवाया जा चुका है। कामाख्या धाम मंदिर के अध्यक्ष ने बताया की सफाई व रंगरोगन हो चुका है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था भी की गई है।

## एक नजर

### कांग्रेस और जन अधिकार पार्टी के दर्जनों नेता एआईएमआईएम में शामिल




**गाजीपुर।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी गाजीपुर की समीक्षा बैठक पार्टी के कैंप कार्यालय जिला महासचिव सुजाउद्दीन अंसारी के आवास पर संपन्न हुई। कांग्रेस नेता मोहम्मद राफे ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयुक्त सचिव और बलिया,मऊ,गाजीपुर के चुनाव प्रभारी मोहम्मद शमीम खान के हाथों पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जन अधिकार पार्टी को छोड़कर हरीनाथ कुशवाहा जी ने भी अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अपने संबोधन में मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि दूसरे दलों के लोग हमारे पार्टी से जुड़ रहे हैं,अच्छे संकेत हैं,बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब और हाजी शौकत अली साहब की मेहनत रंग ला रही है। निकाय चुनाव में नतीजे चौंकाने वाले होंगे,बूथ तक संगठन को मजबूत बनाया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अबू जफर खान,पूर्वांचल के पूर्व महासचिव कालिका प्रसाद,जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद हसन साहब,जिला महासचिव शुजा उद्दीन अहमद व जलालुद्दीन अहमद,जिला सचिव मोहम्मद गयासुद्दीन,जिला महासचिव महताब आलम,विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मदाबाद इबरार अहमद,जंगीपुर विधानसभा के अध्यक्ष तहसीन अहमद,मोहम्मद औरंगजेब खान,मोहम्मद मुस्तकीम खान,शाहिद अहमद,रेयाज खान,मोहम्मद आजम,वसीम अहमद,मोहम्मद राजू,अजीत कुशवाहा,लालजी कुशवाहा इत्यादि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा के प्रत्याशी डॉ मोहम्मद आदिल व संचालन नगर महासचिव अशरफ अली राईन ने किया।

### अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने के बाद भाकपा माले का धरना स्थगित

**मनियर बलिया।** बिजली विभाग के खिलाफ भाकपा माले द्वारा सोमवार से विद्युत उपकेंद्र पर चल रहे धरना प्रदर्शन मंगलवार को नायब तहसीलदार बांसडीह सुधांशु शेखर व एसडीओ मनियर आरके यादव को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपने के बाद स्थगित कर दिया गया। भाकपा माले नेताओं की मांग पर अधिकारियों ने कहा कि 5 अप्रैल को विद्युत उपकेंद्र मनियर पर उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक कर उपभोक्ताओं की समस्याओं पर विचार विमर्श कर निदान किया जाएगा। तब तक के लिए भाकपा माले ने अपना धरना प्रदर्शन स्थगित किया। भाकपा माले नेता श्री राम चौधरी निर्माण किया कि दिल्ली व पंजाब की तरह उत्तर प्रदेश में 300यूनिट मुफ्त बिजली किया जाय। गरीब मजदूर परिवार का पुराना बिल माफ हो, उपभोक्ताओं पर हुए फर्जी मुकदमा वापस हो, भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों को चिन्हित कर तत्काल हटाया जाय, वार्ड नं 1 व 14 में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाय। बिजली चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली बंद हो, चेकिंग में काटे गए केबिल वापस हो, बिना मीटर रीडिंग बिजली बिल भेजना बंद हो, खराब मीटर बदला जाय, जर्जर खंभे व तार बदलें जाय, जले ट्रांसफार्मर बदलने मेंके नाम पर वसूली बंद हो, कैंप लगाकर नए कनेक्शन देने व नया कनेक्शन पर लगने वाली धनराशि सार्वजनिक किया जाय। इस मौके पर एस एच ओ मनियर प्रवीण कुमार सिंह, जेई कैलाश राव, बसंत कुमार उर्फ मुन्नी सिंह, वशिष्ठ राजभर, मिंटू सिंह, जगदीश प्रसाद रावत, दिनेश राजभर सहित आदि लोग रहे।

### सिमेंट लदी ट्रैक्टर ट्राली और ट्रक में आमने-सामने टक्कर, चालक और खलासी घायल

**मऊ।** जनपद के सराय लखंसी थाना क्षेत्र के बढ़ुआ गोदाम वाराणसी गोरखपुर फोरलेन पर मंगलवार की शांम सिमेंट लदी ट्रैक्टर ट्राली और ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि सद्दाम पुत्र लुकमान अली 35 वर्ष निवासी डुमरिया थाना रामपुर बदगोनिया राबर्ट्सगंज सोनभद्र का निवासी है। सद्दाम ट्रक चालक मंगलवार को गोरखपुर माल लोड कर मिजार्पुर जा रहा था अभी वह गोरखपुर वाराणसी फोरलेन पर सरायलखंसी थाना क्षेत्र के पनियरा गांव के पास पहुंचा ही था सामने से आ रही सीमेंट से लदी बेकाबू ट्रैक्टर ट्राली से ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज था कि ट्रैक्टर के इंजन दो हिस्सो में बट गया। वहीं ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें ट्रक चालक सद्दाम और चंदौली जनपद बबुरी थाना क्षेत्र के बबुरी नियामतपुर गांव निवासी खलासी कमलेश यादव 30 पुत्र उपेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मुलायम यादव निवासी सरायलखंसी थाना क्षेत्र के अछार गांव निवासी मौके से फरार हो गया।

### मऊ में श्रम विभाग की टीम ने कई प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर पांच बाल श्रमिक मुक्त कराया

**मऊ।** बाल मजदूरी उन्मूलन अभियान के तहत जिलाधिकारी अरुण कुमार के आदेश पर श्रम विभाग द्वारा क्षेत्र के कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर पांच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। सभी बाल श्रमिक आसपास के रहने वाले हैं। दुकानों में इन बच्चों से सामान ढुलाई अलावा अन्य तरह के कार्य कराए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार कोपागंज क्षेत्र के भातकोल मोड़ पर स्थित हार्डवेयर ,ऑटो सेंटर धागा कम्पनी ,फर्नीचर आदि के दुकानों से श्रम अधिकारी लईक अहमद के नेतृत्व में छापेमारी करते हुए वहा कार्य कर रहे 5 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। बताया जाता है कि 5 बच्चों सभी बच्चों की उम्र 15 वर्ष से कम है।इस दौरान श्रम अधिकारी ने दुकानदारों को बच्चो से कार्य नहीं कराने की सलाह दिया कहा की यह उम्र बच्चो के पढ़ाई लिखाई की है। बच्चो से कार्य करवाते हुए पकडे जाने पर दण्डनात्मक कार्यवाही होगी।

# बलिया से एक और रोहिंग्या को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर कोतवाली पुलिस ने जिला मुख्यालय की पुलिस ने अवैध रूप में भारत में आये म्यांमा निवासी एक रोहिंग्या का पासपोर्ट बनवाने में मदद करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बलिया शहर कोतवाली के प्रभारी राजीव सिंह ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने सोमवार को गड़वार मार्ग के पौहारीपुर पुलिया से इजहारुल हक को गिरफ्तार किया और आगे की विधिक कार्रवाई पूरी की। उन्होंने बताया कि हक ने म्यांमा से अवैध रूप से भारत में आने वाले मोहम्मद अरमान उर्फ अबु तल्हा नामक रोहिंग्या का पासपोर्ट बनवाने में मदद की थी। हक जिले के बिल्थरा रोड कस्बे का रहने वाला है तथा वह लम्बे समय से जिला मुख्यालय के विशुनीपुर मोहल्ले में चूड़ी का दुकान चलाता है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की वाराणसी इकाई ने 14 मार्च को बलिया बस अड्डे के समीप से रोहिंग्या मुहम्मद अरमान उर्फ अबु तल्हा तथा अब्दुल अमीन को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार एटीएस की पूछताछ में गिरफ्तार अरमान उर्फ अबु तल्हा ने बताया कि वह रोहिंग्या शरणार्थी है और वह भारत-म्यांमा अंतरराष्ट्रीय सीमा से 2008 में भारत आया। सीमा पर स्थित मोरे में वह बलिया के रहने वाले सगीर अहमद की दुकान पर काम करता था।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से चालक की दबकर मौत

**बैरिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के टेंगरही हनुमान मन्दिर से बिड़ला बंधा पर मंगलवार को दोपहर बाद टेंगरही के निकट मिट्टी लदा ट्रैक्टर ट्राली पलटने से ट्रैक्टर चालक की दब कर दर्दनाक मौत हो गयी। बैरिया थाना क्षेत्र के दया छपरा निवासी विवेक पासवान 18 वर्ष पुत्र बच्चकन पासवान नौरंगा घाट के सामने गंगा तट से ट्रैक्टर की ट्राली में मिट्टी भरकर बैरिया के तरफ ट्रैक्टर चलाकर आ रहा था, की राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर हनुमान मंदिर के निकट सामने से आई मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में सड़क पर ही ट्रैक्टर ट्राली पलट गया। ट्रैक्टर ट्राली के नीचे विवेक पासवान मिट्टी में दब गया। आनन-फानन में उसे निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

# तेज आंधी के साथ हुई बारिश, ओले भी गिरे

- ♦ गेहूं, सरसों, चना और मसूर की खेती को लगा बड़ा झटका
- ♦ बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरे पर चिंता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीर खींच गई है। मंगलवार की देर शाम जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ घंटों बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी पड़े। तेज आंधी और बारिश से गेहूं सहित अन्य खेती तहस-नहस हो गई और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ था। बुधवार को घंटों जमकर हुई बारिश के बाद निचले हिस्सों में पानी भर गया। सड़कों के किनारे नालियां उफना जाने से उनका पानी भी रास्तों तक आ गया। सफाई न होने से नालियों का पानी भी बीच रास्ते पर आ गया।

नगर सहित ग्रामीण इलाकों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई खेतों में गेहूं की फसल खेतों में गिरने से काफी नुकसान होगा। चना एवं मसूर की फसल को भी बारिश से क्षति पहुंचना तय है। कई जगहों पर तेज आंधी से पेड़ों की डालियां टूट गई, ठंडी हवाओं और बारिश की ठंडी फुहारों ने गर्मी से राहत दी। इससे पहले रविवार की रात भी हल्की बारिश से कई जगहों पानी लग गया था।

## महाविद्यालय के संस्थापक सचिव के जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमाण- पत्र वितरित

# रंगोली, भाषण व मेहंदी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक सचिव/प्रबंधक के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अलग - अलग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं के बीच रंगोली, भाषण एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का संयुक्त रिपोर्ट प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पांडेय की ओर से मीडिया को साझा किया गया।

14 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने पांच समूह बनाकर स्वच्छ भारत विषय पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें समूह अ के प्रतिभागी प्रथम स्थान पर रहे। समूह इ एवं समूह ए के प्रतिभागी संयुक्त रुप से द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं समूह उ एवं समूह ऊके प्रतिभागी संयुक्त रुप से तृतीय स्थान पर रहे। इसी दिन एक मेंहदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेविका कृति गुप्ता ने हिस्सा लिया एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया । 15 मार्च को को स्वयं सेवकों के बीच ₹जल संरक्षण₹ विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न इकाइयों के सात प्रतियोगीयो ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में दिव्यांश यादव प्रथम स्थान, संजना जायसवाल द्वितीय स्थान, साहिल शर्मा एवं जन्मेजय यादव संयुक्त रुप से तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं 16 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के विजेता प्रतियोगी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को प्रोत्साहन स्वरुप स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण - पत्र का वितरण किया गया।

स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक सचिव/प्रबंधक के जन्म शताब्दी कार्यकमों को लेकर प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि आगे भी कालेज परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का क्रम जारी रहेगा।

## महिला के पेट से निकला पांच किलो का ट्यूमर

**मऊ।** रतनपुरा बिंदु अस्पताल में एक महिला की शल्यक्रिया के जरिए पेट से 4 .750 किलो ग्राम का ट्यूमर निकाला गया। ऑपरेशन के बाद महिला पूरी तरह से स्वस्थ है। बताया जाता है कि रतनपुरा प्रखंड के विभौली ग्राम पंचायत निवासिनी रमुनी देवी 40 वर्ष पत्नी मुन्ना राजभर पेट दर्द से काफी दिनों से परेशान थी।उसे बिंदु अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां पर शल्यक्रिया के जरिए उसके बच्चेदानी का ट्यूमर निकाला गया। ऑपरेशन के बाद महिला ने राहत की सांस ली। ऑपरेशन 20 मार्च को सायं 6:40 पर किया गया। बिंदु अस्पताल के संचालक डॉक्टर जय हिंद यादव ने उक्त आशय की जानकारी दी है।